**नृत्य कथक–कोड 056**
**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (संशोधित)***
**कक्षा-XII (2025 -26)**

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

**सामान्य निर्देश :**

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड- क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड- ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है।
- **खंड- ग** में 2 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है।

| क्र.सं. | खंड– क | अंक |
|---|---|---|
| 1 | बिरजू महाराज किस घराने से संबंधित हैं?<br>a. लखनऊ<br>b. बनारस<br>c. जयपुर<br>d. रायगढ़ | 1 |
| 2 | तांडव भगवान __________ से संबंधित है?<br>a. श्री गणेश<br>b. श्री विष्णु<br>c. श्री शिव<br>d. श्री वरुण | 1 |
| 3 | नाट्यशास्त्र के अनुसार हमारे पास प्रत्यंगों की संख्या ___ है।<br>a. 4<br>b. 5<br>c. 6<br>d. 8 | 1 |
| 4 | नटवारी नृत्य ________ से संबंधित है।<br>a. देवी दुर्गा<br>b. देवी लक्ष्मी<br>c. भगवान गणेश<br>d. भगवान कृष्ण | 1 |
| 5 | निम्नलिखित तालों में से किस ताल में 10 मात्राएँ हैं?<br>a. तीन ताल<br>b. दादरा<br>c. कहरवा<br>d. झपताल | 1 |
| 6 | श्रृंगार रस किस भाव को दर्शाता है?<br>a. प्रेम<br>b. क्रोध<br>c. विषाद (शोक/उदासी)<br>d. घृणा | 1 |
| 7 | भ्रमरी का क्या अर्थ है?<br>a. चक्कर लगाना | 1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | b. नेत्रों की गति<br>c. पाद संचालन (पैरों की गति)<br>d. नेत्रों की गति | |
| 8 | कौन-सा रस मंच पर प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए?<br>a. वीभत्स<br>b. करुण<br>c. हास्य<br>d. रौद्र | 1 |
| | **खंड– ख** | |
| 9 | नाट्यधर्मी की व्याख्या कीजिए।<br>(या)<br>ताल को उदाहरण सहित समझाइए। | 2 |
| 10 | कहरवा ताल का ठेका लिखिए।<br>(या)<br>दादरा ताल का ठेका लिखिए। | 2 |
| 11 | वंदना की परिभाषा लिखिए।<br>(या)<br>तिहाई की परिभाषा लिखिए। | 2 |
| 12 | परन और कवित में क्या अंतर है?<br>(या)<br>तोड़ा और टुकड़ा में क्या अंतर है? | 2 |
| 13 | गतभाव और गतनिकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।<br>(या)<br>सात्विक अभिनय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें? | 2 |
| | **खंड– ग** | |
| 14 | नव रस को विस्तार से समझाइए तथा बताइए कि कथक नर्तकों के लिए इसे सीखना और चित्रित करना क्यों महत्वपूर्ण है?<br>(या)<br>आमद को परिभाषित कीजिए तथा तीन ताल में एक आमद लिखिए। | 6 |
| 15 | अभिनय और उसके चार प्रकारों की व्याख्या करें, आपके अनुसार अभिनय का सबसे कठिन भाग कौन सा है और क्यों?<br>(या)<br>ताली और खाली का महत्त्व स्पष्ट कीजिए तथा दोनों में अंतर बताइए। | 6 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।